नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 165 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -6 पर

निर्वाचन से संबंधित कार्यों का कराया गया बोध, ईवीएमए वीवीपैट का हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग ...



पेज -8 पर

अपने जल-जंगल जमीन की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा '1961 मतदान केंद्रों में आज डाले जायेंगे वोट'

# प्रथम चरण का मतदान आज

रायपुर। बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कुल 11 उम्मीदवार अपनी सियासी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें से दो उम्मीदवारों ने निर्दलीय पर्चा भरा है. शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए क्षेत्र में कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.




पहले चरण के लोकसभा चुनाव के तहत छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट में शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होना है. जिसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारियां कर ली हैं. दुर्गम एवं संवेदनशील इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों में दलों को हेलीकॉप्टर की मदद से पहुंचाया गया है, जबकि अन्य जगहों पर वाहन के माध्यम से मतदान दलों को पोलिंग बूथों तक पहुंचाया गया है. छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार को होने वाले मतदान की तैयारियों की जानकारी दी.

### क्रिटिकल मतदान केंद्रों को किया गया चिन्हित

बस्तर में पहले चरण के चुनाव के लिए 1961 मतदान केंद्रों में 7844 मतदान कर्मी तैनात किए गए हैं. इसके अलावा 2000 कर्मियों को रिजर्व रखा गया है. दुर्गम एवं संवेदनशील इलाकों में स्थित कुल 156 मतदान केंद्र हैं. जिनमें तैनात 919 मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया है. वहीं बाकी मतदान दल बस की मदद से पोलिंग बूथ तक पहुंच चुके हैं.

### यह समय किया गया तय

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र की अलग-अलग विधानसभाओं में मतदान के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है. बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा. वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर पांच बजे तक मतदान होगा. जगदलपुर क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें दोनों समय सारणी में मतदान किया जाएगा.

### बस्तर में बढ़े मतदाता

बस्तर लोकसभा सीट में कुल 14,72,207 मतदाता हैं. जिनमें 7,00,476 पुरुष, 7,71,679 महिला और 52 थर्ड जेंडर मतदाता हैं. 2019 की तुलना में यहां 6.84 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है, पिछले चुनाव में यहां कुल 13,77,935 मतदाता थे. इस क्षेत्र में बनाए गए प्रति मतदान केंद्रों में औसतन मतदाताओं की संख्या 870 है. चुनाव आयोग के मुताबिक, पिछले लोकसभा चुनाव में बस्तर सीट में कुल 66.04 प्रतिशत मतदान हुआ था. क्षेत्र में कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

*पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट से राहत*

### लोक आयोग की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए प्रकरण किया निरस्त



**बिलासपुर।** पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता के मामले में हाईकोर्ट ने लोक आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाकर दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता माणिक मेहता को नए सिरे से विधिवत याचिका दायर करने की छूट भी दी है रायपुर निवासी माणिक मेहता ने मुकेश गुप्ता के खिलाफ साल 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपए का अनुदान लिया था. इस अनुदान राशि के जरिए गरीबों के लिए मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाना था, लेकिन मुकेश गुप्ता ने इस रकम का इस्तेमाल अपने पर्सनल लोन पटाने में किया. साथ ही लोक आयोग, एसीबी और ईओडब्ल्यू में मुकेश गुप्ता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी. इसकी प्रति तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी दी गई थी.

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखो का सामान जलकर खाक



**कवर्धा।** कवर्धा जिले के ग्राम पोंडी में भयानक हादसा हो गया। दशरंगपुर रोड पर स्थित धनंजय इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शार्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया और इलेक्ट्रानिक दुकान के गोदाम में रखे कूलर, पंखा, आलमारी दीवान सहित पांच लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। जिले में लगातार आगजनी के मामले देखने को मिल रहे हैं। अगर पिछले दो महीने की बात करें तो 07 से अधिक आगजनी के मामले सामने आए हैं। आगजनी के ज्यादातर मामले शॉर्ट सर्किट के चलते होते हैं, वहीं खेतों की फसलों में आगजनी ज्यादा देखने को मिला है। लेकिन इस महीने में दुकान में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इसी माह 04 अप्रैल को बिरोडा में 03 मंजिला मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। पोंडी चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने बताया कि पोंड़ी के धनंजय इलेक्ट्रॉनिक के गोदाम में सुबह 08 बजे आग लगी, जिसमें रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकान संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज किया जाएगा।

## सरोज पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में जमा किया नामांकन

भाजपा की बढ़ती हुई ताकत का विजय शंखनाद नामांकन रैली में दिखा असर



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीयो व विधायको के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रथम बार कोरबा पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा की इस लोकसभा 2024 चुनाव में प्रदेश में आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह देखने को मिल रहा है एवं भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के 11 में से 11 लोकसभा सीटों पर जमाएगी कब्जा , जो एक ऐतिहासिक पल होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहां की पांच साल की सरकार को जनता कितना भरोसा करती हैं यह विधानसभा चुनाव के नतीजे आप के सामने है। विजय शंखनाद नामांकन रैली में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री बिहारीलाल जायसवाल, युवा नेता प्रबल प्रताप सिंह ,सरगुजा विधायक रेणुका सिंह, लोकसभा प्रभारी धर्मलाल कौशिक अनेक विधायक व भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ सहित लगभग 20 हजार लोग उपस्थित रहें।



सीएम विष्णुदेव साय का कांग्रेस पर करारा प्रहार

## नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी -मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जांच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है.



सीएम साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है. सीएम साय ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है. प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी. सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है. नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर के मतदाताओं को सुरक्षा इंतजाम को लेकर किया आश्वस्त

## निर्भीक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में दें आहुति



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी मतदाताओं से मतदान करने का अपील की है. बस्तर के मतदाताओं को उन्होंने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्भीक होकर अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति दें. ये आपका अधिकार है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार की तरफ से मतदान के लिए पूरी तैयारी की गई है. निर्वाचन आयोग अपनी पूरी तैयारी कर ली है. लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने अधिकार का आवश्यक उपयोग करें. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बस्तर की शांति और खुशहाली के लिए, बस्तर के विकास के लिए आगे बढ़े. नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करें, और बीजेपी को जीतना है.

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा

## 'घबराए हुए है नक्सली अतिउत्साह में ना आए सुरक्षा बल, निर्देशों का पालन करे'



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नक्सल घटनाओं पर सवाल उठाए जाने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल को कैसे पता चल रहा है कि यह फर्जी एनकाउंटर है. वहीं भूपेश के पूर्व की घटनाओं पर बयान देने की बात पर कहा कि यह उनका अभी का बयान है. उटपटांग बातें ना करें. ढाई सौ सड़कें, 90 पुल-पुलिया क्यों नहीं बनाएं? लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर होने वाले चुनाव की तैयारियों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली घबराए हुए हैं, बदहवास हैं. उन्होंने फिर से हत्या की है. नारायणपुर में घर में घुसकर मारा है. सिविलियन को मार रहे हैं. दहशत फैलाना चाहते हैं, इसलिए ऐसा कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मतदान में जितने सुरक्षा दल जा रहे हैं, वह सुरक्षित लौटकर आए, यह ईश्वर से प्रार्थना है. सबसे अपील है कि पुलिस के सभी निर्देशों को माने.,अति उत्साह में कोई कुछ ना करें जो सैनिक और सुरक्षाकर्मी हैं।

# कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने छोड़ी कांग्रेस



**रायपुर।** कांकेर में कांग्रेस के पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने पार्टी छोड़ दी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिशुपाल शोरी अब भाजपा जॉइन करेंगे। रायपुर में गुरुवार शाम को उन्हें सदस्यता दिलाई जाएगी। शोरी सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में भाजपा जॉइन करेंगे।

शिशुपाल शोरी ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि कांग्रेस की खराब नीति और अनदेखी से आहत होकर वे भाजपा प्रवेश करने जा रहे हैं।

शिशुपाल को पिछली कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ था। वो अक्सर भाजपा को उसकी नीतियों की वजह से घेरा करते थे। शिशुपाल द्वस अफसर रह चुके हैं। रिटायरमेंट के बाद वे राजनीति में आ गए और कांग्रेस में सक्रिय रहे। आदिवासी समुदाय के शिशुपाल शोरी कई सामाजिक पदों पर रहे हैं। समाज में उनकी पैठ अच्छी है। ऐसे में जब कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है, उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी है।

शिशुपाल शोरी 2018 के चुनाव में पहली बार कांग्रेस की टिकट पर विधायक चुने गए। शिशुपाल शोरी कांकेर जिला मुख्यालय के पास ग्राम पंचायत डुमाली के रहने वाले हैं, वहीं उनका जन्म हुआ था। 1972 में नरहर देव स्कूल से 12वीं तक की शिक्षा उन्होंने हासिल की है।

1983 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित विक्रम विश्वविद्यालय से शिशुपाल शोरी ने स्नातक की उपाधि ली। फिर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर वे राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर बन गए। 2007 में वे दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर बने।

## अनवर ढेबर और अरविंद सिंह जाएंगे जेल, अरविंद सिंह ने मांगी इच्छा मृत्यु



**रायपुर।** शराब घोटाले के मामले में ईडी की रिपोर्ट पर ईओडब्ल्यू की दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी के 14 दिन बाद अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को जेल भेजने का आदेश हुआ है। मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपी में से दो आरोपियों की न्यायिक रिमांड का ईओडब्ल्यू का आवेदन कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अनवर ढेबर और अरविंद सिंह 2 मई तक न्यायिक रिमांड पर रहेंगे। वहीं तीसरे आरोपी एपी त्रिपाठी 25 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड में रहेंगे। अपर न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में तीनों को पेश किया गया था। जहां कोर्ट ने यह आदेश दिया है। इसके अलावा अरविंद सिंह ने जज से इच्छा मृत्यु मांगी है। अरविंद सिंह के आवेदन पर जज ने कहा कि आप वकील के जरिए प्रॉपर आवेदन लगवाएं। उस पर अलग से सुनवाई होगी। 18 तारीख को ईओडब्ल्यू की रिमांड खत्म होने पर अरविंद कोर्ट में पेश किए गए थे। इसी दौरान उन्होंने इच्छा मृत्यु का लगाया आवेदन।

3 अप्रैल को हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से निकलते ही ईओडब्ल्यू की टीम ने अरविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद 4 अप्रैल को अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से लगातार अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को लगातार ईओडब्ल्यू रिमांड पर ले रही थी। 18 तारीख को रिमांड खत्म होने पर न्यायिक रिमांड के लिए अरविंद, अनवर और एपी त्रिपाठी को ब्यूरो ने जज के सामने पेश किया था।

बीजेपी के लिए बड़ी खुशखबरी

## 2 लाख 80 हजार अनियमित कर्मचारियों ने दिया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होना है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. दरअसल, छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ एवं समस्त कर्मचारी संगठन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी को वोट देने का समर्थन पत्र लिखा है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने इस समर्थन पत्र में लिखा- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की घोषणा पत्र में मोदी के गारंटी के मुताबिक 100 दिन के भीतर अनियमित कर्मचारियों के लिए कमेटी गठित की जाएगी. सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा कर दिया गया है। जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को विष्णु के सुशासन पर भरोसा है.

### BJP प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारियों का जताया आभार

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने 2 लाख 80 हजार कर्मचारियों द्वारा भाजपा को समर्थन देने हेतु आभार जताया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने कहा भाजपा जो कहती है, वह करती है. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश के 2,80,000 अनियमित कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों ने भाजपा को अपना वोट देने के संबंध में समर्थन पत्र दिया है. उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी एवं विष्णु सरकार के सुशासन पर अपना विश्वास जताने वाले अनियमित कर्मचारियों का आभार जताता हूं. निश्चित ही भाजपा ही देशवासियों की चिंता कर हर वर्ग को न्याय देने का काम करती है और करती रहेगी.*

# आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी, इसे ऐसे समझिए

उत्तरप्रदेश में पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले यानी गत बुद्धवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद महानगर के कौशांबी स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू सभागार में, गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया, उसके सियासी मायने स्पष्ट हैं। यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी?




**राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि 'मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है।' उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है।**

आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं।

पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित। दूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरुआत भी अच्छी है। तीसरा, इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है। चतुर्थ, बकौल राहुल गांधी, इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं। पांचवां, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं। छठा, राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है। उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।

- कमलेश पांडे

## संपादकीय

### आरक्षण पर स्पष्टीकरण

केंद्रीय गृह मंत्री ने आस्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का समर्थन करती है। न तो आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को करने देंगे। राजस्थान में अलवर जिले के गांव हरसोली में शुक्रवार को एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैला कर लोगों को गुमराह कर रही है। अलवर लोक सभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित सभा में अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी पार्टी बताया। कहा कि यह बात इससे ही जाहिर हो जाती है कि कांग्रेस पार्टी ने सालों तक काका साहब कालेलकर रिपोर्ट को दबा कर रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं, और उनके 27 से ज्यादा मंत्री भी ओबीसी समाज से हैं। मात्र कुछेक दिनों के भीतर यह दूसरी दफा है, जब आरक्षण की बाबत सरकार की तरफ से आश्वस्ति देनी पड़ी है। कुछ ही रोज पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा। आज बाबा साहेब भी आ जाएं तो आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता। दरअसल, सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ इस प्रकार की धारणा बना दी गई है कि वह मौका मिलते ही आरक्षण को खत्म कर सकती है। वैसे भी भाजपा के पूर्व अवतार जनसंघ को कांग्रेस पार्टी ने सवर्ण तबकों और व्यापारियों की पार्टी के रूप में प्रचारित कर दिया था।

# अन्नामलाई की भाजपा को दक्षिण में कमल उगाने की गारंटी ?



**पी**एम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में बीजेपी की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। दक्षिण राज्यों के चुनावी समर में एक ही नाम चारों ओर गूंज रहा है, वो है अन्नामलाई। वहां की राजनीति में ये एक नया सितारा उभरा है। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई ने अपने बूते भाजपा के लिए दक्षिणी राज्यों में सियासत की उपजाऊ जमीन तैयार कर दी है। उधर का सियासी भूगोल देखें तो तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है। जहां, करीब 87 फीसदी से अधिक आबादी हिंदू है। ये उन राज्यों में एक है जहां राष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति कोई खास नहीं रही है। हां, बीजेपी कोयंबटूर और कन्याकुमारी में जरूर वोट जुटाती रही है। सन्-1998 के कोयंबटूर बम विस्फोट के अलावा तमिलनाडु में धार्मिक दंगे कम हुए हैं। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई बीजेपी नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे। पर, पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में बीजेपी की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रही हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया है। बीजेपी अपनी योग्यता और जनता में अपील के आधार पर मतदाताओं के विश्वास के लिए जा रही है। भाजपा को इस समय तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं या समाज के अन्य वर्गों से वोट मिलने की संभावना है। बीजेपी मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर जा रही है। इस समय अन्नामलाई के साथ तमिलनाडु के युवा भी साथ आ रहे हैं और द्रमुक सरकार को उखाड़ फेकने के नारे का खूब समर्थन भी कर रहे हैं। अन्नामलाई ने एन मन, एन मक्कल की जो पदयात्रा पूरे तमिलनाडु की वह भाजपा के समर्थन बढ़ाने में सहायक रही। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। अब तमिलनाडु के लोग द्रमुक और अन्नाद्रमुक का विकल्प तलाशने लगे हैं। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में हैं। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को आप तमिलनाडु में सांसदों की बढ़ी हुई संख्या और बढ़ा हुआ वोट शेयर भी देखेंगे। बहरहाल, कर्नाटक भारत के दक्षिण में स्थित ऐसा राज्य है जहां बीजेपी की बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। जिसका मुख्य कारण एच.डी. कुमारस्वामी.की विफलता थी। 2008 में बीजेपी ने 110 सीटें जीतीं। बीजेपी वास्तव में तटीय कर्नाटक क्षेत्र और मुंबई कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में बीजेपी के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा बीजेपी का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल सेक्युलर को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां बीजेपी अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है। वहीं, केरल भारत के दक्षिण में एकमात्र राज्य है जहां करीब 54 फीसदी आबादी हिंदू है। पर, केरल में हिंदू, ईसाई और इस्लाम की समान उपस्थिति है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। बीजेपी के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से बीजेपी की ओर आ रहे हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं।

– डॉ. रमेश ठाकुर

## मिला जुला

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी, जानें कब तक कर सकेंगे नामांकन



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनाव आयोग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी. इसी के साथ आज यानी 18 अप्रैल से चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. उम्मीदवार सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे. बता दें कि इस बार भी लोकसभा चुनाव 2019 के आम चुनावी की तरह ही 7 चरणों में हो रहे हैं. पहले चरण के लिए कल वोटिंग होगी. जिसमें 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. जबकि दूसरे चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा.

### चौथे चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान

बता दें कि चौथे चरण के तहत 13 मई को 10 राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. इस चरण में आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर की कुल 96 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा. चौथे चरण का मतदान 13 मई को सुबह 7ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक कराया जाएगा.

### चौथे चरण के लिए ये हैं महत्वपूर्ण तिथियां

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार (18 अप्रैल) को चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी. इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया भी आज से ही शुरू हो जाएगी. उम्मीदवार दोपहर 11 बजे से लेकर शाम तीन बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे. नामांकन करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल (गुरुवार) 2024 है. चुनाव आयोग के मुताबिक, चौथे चरण के नामांकनों पत्रों की जांच 26 अप्रैल (शुक्रवार) को की जाएगी. जबकि 29 अप्रैल (सोमवार) को नाम वापस लिए जा सकेंगे.

# आपका हर वोट एक मजबूत सरकार

## पहले चरण के मतदान से पहले पीएम मोदी की बीजेपी-एनडीए कैंडिडेट्स को चिट्ठी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले चरण के मतदान से ठीक पहले बीजेपी और एनडीए प्रत्याशियों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में प्रत्याशियों से अपने निर्वाचन क्षेत्र में उनका संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को क्षेत्रीय भाषाओं में पहुंचाने पर जोर दिया गया है। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि आपका हर वोट एक मजबूत सरकार बनाने और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रयासों को गति देने वाला साबित होगा।



एएनआई के मुताबिक पीएम मोदी का पत्र मिलने से प्रत्याशियों को काफी आश्चर्य हुआ। उम्मीदवारों ने इस पत्र को हर मतदाता तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने कोयंबटूर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने एक प्रतिष्ठित नौकरी से सार्वजनिक सेवा में परिवर्तन करने के अन्नामलाई के फैसले की सराहना की।

पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि अन्नामलाई की इस नई भूमिका से बीजेपी को तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर पकड़ बनाने में काफी मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं एक प्रतिष्ठित नौकरी छोड़ने और लोगों की सीधे सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं। आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिया संदेश

पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह चुनाव हमारे वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का एक अवसर है। भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट एक स्थिर सरकार बनाने की दिशा में जाएगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा को गति प्रदान करेगा। पीएम मोदी ने उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनौतीपूर्ण गर्मी की परिस्थितियों के बीच अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अपने अभियान प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया।

# यूक्रेन के चेर्निहाइव शहर में रूसी मिसाइलों ने मचाई तबाही, अब तक 17 लोगों की मौत

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है. हालांकि दोनों देशों के बीच अब भी रुक-रुककर हमले जारी है. इसी बीच रूस ने यूक्रेन के ऐतिहासिक शहर चेर्निहाइव पर मिसाइलें दागी. जिनसे शहर में भारी तबाही मच गई. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने बुधवार को यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव पर कई मिसाइलों से हमला किया. जिसमें कई इमारतें ध्वस्त हो गईं. इस हमले में अब तक 17 लोगों के मारे जाने की खबर है. रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर ज़ेलेंस्की ने सहयोगियों से यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में मदद करने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा है कि उनके देश के पास मिसाइलों को रोकने के लिए आवश्यक हथियारों की कमी है. अधिकारियों ने कहा कि तीन रूसी मिसाइलें बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव के एक डाउनटाउन इलाके में गिरीं, जिसमें आठ मंजिला अपार्टमेंट की इमारत पर हमला किया गया. इस हमले में कम से कम 17 लोगों की मौत हुई है. वहीं यूक्रेनी आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि सुबह के हमले में तीन बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हुए हैं. जबकि बचावकर्मी आंशिक रूप से ध्वस्त इमारतों और मलबे के ऊंचे टीलों की तलाश कर रहे हैं.

# तेलंगाना : विद्यार्थियों ने पहनी 'भगवा पोशाक', सवाल उठाया तो भीड़ ने किया स्कूल में तोड़फोड़

**तेलंगाना** के मंचेरियल जिले में एक मिशनरी स्कूल में भीड़ ने तोड़फोड़ की और संस्थान के कर्मचारियों के साथ मारपीट की,क्योंकि प्रिंसिपल ने परिसर में धार्मिक पोशाक पहने कुछ छात्रों पर आपत्ति जताई थी. इन स्टूडेंट्स के माता-पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रिंसिपल समेत दो स्टाफ के सदस्यों के खिलाफ दो समुदायों में दुश्मनी को बढ़ावा देने से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. हैदराबाद से



लगभग 250 किलोमीटर दूर कन्नेपल्ली गांव में ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि केरल के रहने वाले प्रिंसिपल जैमोन जोसेफ ने दो दिन पहले देखा कि कुछ छात्र स्कूल में भगवा पोशाक पहनकर आए थे. जब उन्होंने छात्रों से इस बारे में पूछा तो छात्रों ने जवाब दिया कि वे 21 दिवसीय अनुष्ठान हनुमान दीक्षा का पालन कर रहे हैं. इसके बाद प्रिंसिपल ने उनसे अपने माता-पिता को स्कूल लाने के लिए कहा ताकि वह इस पर चर्चा कर सकें. मामला तब और बढ़ गया जब किसी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर दावा किया कि प्रिंसिपल कैंपस में हिन्दू पोशाक पहनने की इजाजत नहीं दे रहे.

# मैं खुद को 'गोपी' मानती हूं : सांसद हेमा मालिनी

**मथुरा** से तीसरी बार बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ रहीं एक्ट्रेस से राजनेता बनीं हेमा मालिनी ने बुधवार को कहा कि वह खुद को भगवान कृष्ण की 'गोपी' मानती हैं. मथुरा की सांसद ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं न तो नाम के लिए और न ही प्रसिद्धि के लिए राजनीति में शामिल हुई. मैं किसी भौतिक लाभ के लिए राजनीति में नहीं आई'. खुद को कृष्ण की गोपी बताते हुए हेमा मालिनी ने कहा चूंकि भगवान कृष्ण बृजवासियों से प्रेम करते हैं इसलिए उन्हें लगा कि यदि वो उन सभी लोगों की सेवा में काम करेंगी तो वो उनपर भी अपनी कृपा करेंगे. उन्होंने कहा, 'और मैं बृजवासियों की सेवा कर रही हूं.' उन्होंने मथुरा से तीसरी बार बृजवासियों की सेवा करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया.

# बंगाल में राम नवमी पर बवाल, शोभायात्रा में पत्थरबाजी और झड़प, बीजेपी ने ममता को घेरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी की घटना सामने आई है. दरअसल, मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर स्थित शक्तिपुर इलाके में बुधवार की शाम को राम नवमी शोभायात्रा के दौरान झड़प और हिंसा का दावा किया गया है, जिसमें कुछ लोगों के घायल होने की खबर है. दावा किया जा रहा है कि जब राम नवमी की शोभायात्रा निकाली जा रही थी, तभी



इलाके में पत्थरबाजी शुरू हो गई और लोगों को छतों से पथराव करते देखा गया. नौबत यह आ गई कि पुलिस को लाठी चार्ज भी करना पड़ा है. भाजपा का आरोप है कि रेजीनगर में हिंदू श्रद्धालुओं को निशाना बनाया गया.

# दर्दनाक हादसाःसीवर लाइन सफाई करने उतरे दो मज़दूरों की मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के पास गहरे सीवर लाइन की सफाई करते हुए दो लोगों की मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों मजदूरों की मौत हो गई। दोनों मृतक अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना तेलीबांधा थाना की है।

जानकारी के अनुसार अशोका बिरयानी के दो कर्मचारी कमलेश और डेविड गुरुवार की सुबह रेस्टोरेंट के पास करीब 15 फीट गहरे सीवर लाइन की सफाई करने अंदर दाखिल हुए थे। सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों कर्मचारियों की मौत हो गई।

इसकी घटना की सूचना तत्काल तेलीबांधा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद दोनों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। बाद में किसी तरह दोनों शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद तुरंत निजी अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो शवों को देखकर पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। तेलीबांधा थाना की पुलिस ने बताया कि दो लोगों की सीवर की सफाई करने के लिए अंदर दाखिल हुए थे। सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# चुनावी पोस्टरों में दिख रहा है राष्ट्रवाद का मुद्दा




**रायपुर।** के अंबेडकर चौक, देवेन्द्र नगर चौक, पंडरी में लगे बड़े-बड़े पोस्टरों में राष्ट्रवाद की गूंज सुनाई दे रही है. राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों पर चंद्रयान से लेकर वंदे भारत और एक भारत-एक परिवार जैसे नारों वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर लगे हुए हैं।

पोस्टर में बीजेपी ने राष्टीय उपलब्धियों को शामिल किया है. इसरो की ऐतिहासिक चंद्रयान उड़ान को राष्ट्रवाद से जोड़ा गया है. बड़े-बड़े पोस्टरों में यह मुद्दा छाया हुआ है. बीजेपी ने वोटरों को लुभाने के लिए स्थानीय भाषा में मोदी का चेहरा भी पेश किया है. ऐसे चौराहे पर जहां हर दिन तीन से चार लाख लोग घूमते हैं, वहां सांसद प्रत्याशी नहीं बल्कि मोदी का चेहरा सामने है. इन पोस्टरों में बीजेपी ने सांसद उम्मीदवार या राज्य की किसी बड़ी राजनीतिक हस्ती का चेहरा पेश करने के बजाय सिर्फ प्रधानमंत्री का चेहरा सामने रखा है. इसे भी बीजेपी की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है.

### मोर भारत- मोर परिवार का नारा

लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने समाज, जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी को साधने की रणनीति बनाई है. राजधानी के देवेन्द्र नगर चौक पर लगा मोर इंडिया-मोर परिवार पोस्टर यही संकेत दे रहा है. छत्तीसगढ़ की भाषा का इस्तेमाल करते हुए बीजेपी ने फेयर ई पाइट मोदी सरकार का नारा दिया है. लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय नारों के साथ-साथ स्थानीय भाषा में क्षेत्रीय नारे भी शामिल किये गये हैं.

# गांजे की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गांजा तस्करी करने वाले दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनसे 30 किलो गांजा और दो मोबाइल जब्त किए गए हैं।

तस्कर गांजा ओडिशा से सूरत लेकर जा रहे थे। मंदिर हसौद थाना पुलिस और आरपीएफ की टीम ने कार्रवाई की है। आरोपित संतोष उर्फ हाडू बंधु निवासी मंगलपुर जिला गंजाम ओडिशा और सागर जेना निवासी कुलासरा पाली थाना आस्का जिला गंजाम ओडिशा को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।




रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना मंदिर हसौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ओडिशा से रायपुर की ओर आने वाली ट्रेन के माध्यम से गांजा परिवहन करते हुए मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन में उतरकर अपने साथ गांजा लेकर बस स्टैंड की ओर जा रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने मंदिर हसौद के बस स्टैंड पास चिन्हांकित कर पकड़ा गया। उनके पास रखे ट्राली बैग को चेक करने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

गांजा तस्करी करते ओडिशा के अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ओडिशा से गांजा लाकर रायपुर में खपाने की तैयारी में था।

सरस्वती नगर थाना पुलिस ने कार के साथ आरोपित नरेश निहाल को गिरफ्तार किया है। वह हाल में इंद्रप्रस्थ कालोनी ईडब्ल्यूएसई डीडी नगर में किराए से रहता है।

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा रखा है। वह कहीं जाने की फिराक में है, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में क्राइम और थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए उक्त स्थान पर जाकर वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिह्नांकित किया गया।

वाहन में एक व्यक्ति सवार था, जिसने पूछताछ में अपना नाम नरेश निहाल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। पूछताछ में आरोपित द्वारा गांजा को ओडिशा से लाना बताया गया है। आरोपित पूर्व में भी थाना सरस्वती नगर और बलौदा बाजार से आबकारी एक्ट के प्रकरणों में जेल जा चुका है।

## अपराध

# रेल्वे ट्रैक पर मिली सिर कटी लाश

**रायपुर।** रायपुर के मोवा रेलवे क्रॉसिंग से कुछ ही दूरी पर एक सिर कटी लाश मिलने का मामला सामने आया है. मोवा रेलवे ट्रैक पर एक सिर कटी लाश मिलने से सनसनी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की. हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है. दरअसल यह मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है. मोवा रेलवे क्रॉसिंग से कुछ ही दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक क्षत-विक्षत शव मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पंडरी थाने की पुलिस को दी.



पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. मृतक की पहचान गांधी नगर निवासी गोलू सोरठे के रूप में की गई है. मृतक बिजली फिटिंग का काम करता था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मोवा रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक पर एक सिर कटी लाश पड़ी है. उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के दौरान पीड़िता का सिर कटे होने का पता चला. फिलहाल युवक की हत्या या आत्महत्या को लेकर जांच की जा रही है.

लोकसभा निर्वाचन-2024

# मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

### मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 18 और 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल तथा तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

# रायपुर के होटल में शराब बिक्री का वीडियो हुआ वायरल



**रायपुर।** राजधानी के आदित्यहोटल में धड़ल्ले से ब्लैक में शराब बेचने का एक VIDEO भी सामने आया है, जिसमें होटल के बाहर और पार्किंग में शराबियों का जमावाड़ा दिख रहा है। उनसे एक व्यक्ति पैसे वसूल रहा है। फिर दूसरा अंदर से शराब की बड़ी-बड़ी बोतलें लाकर उन्हें सप्लाई कर रहा है। इस दौरान एक शख्स के स्कूटर की डिक्की पर शराब की बोतलें रखते हुए भी दिखाई दे रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति ने शराब के कुछ फेमस ब्रांड के नाम लेकर रेट पूछा तो वहां खड़े लोगों ने उसे रेट भी बताया। होटल वालों ने अमूमन 1000-1200 रुपए तक मिलने वाली शराबों को 2000 से 2500 तक ब्लैक में बेचा और खूब मुनाफा कमाया है। ड्राई-डे के दिन कुछ शराब प्रेमी ओवर रेट में भी शराब मिलने के बावजूद खुश नजर आए।

# देश में किसान परेशान है, सरकार को माफ करना चाहिए किसानों का कर्ज-टिकैत

**रायपुर।** चुनाव के एक दिन पहले किसान नेता राकेश टिकैत राजधानी रायपुर पहुंच गए हैं। यहां पहुंचकर उन्होंने हरिभूमि डॉट कॉम से खास बातचीत की, इस दौरान उन्होंने कहा कि, देश का किसान परेशान है, उनका कर्ज माफ होना चाहिए।



हमें MSP की गारंटी और फसलों की अच्छी कीमत चाहिए। लेकिन सरकार राम के नाम पर राजनीति कर रही है। राम हमारी आस्था हैं, उनके नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### किसी व्यक्ति की गारंटी पर बैंक भरोसा नहीं करता

किसानों को मोदी की गारंटी को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि, एक व्यक्ति की गारंटी पर तो बैंक भी भरोसा नहीं करता। पहले मोदीजी को अपना आधार कार्ड दिखाना चाहिए। घोषणापत्र पार्टी लाती है तो फिर एक व्यक्ति पर भरोसा कैसे कर लिया जाए। हालांकि हम किसानों से कह रहे हैं कि, जो अच्छा लगे उसे वोट दें।

### मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा

राकेश टिकैत ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि, चुनाव के बाद हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो फिर से आंदोलन किया जाएगा।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर** । अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ढाचा भवन हाउसिंग बोर्ड कालोनी प्रार्थी स्पर्श झा 30 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4856 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# भंडारे के बाद सफाई में जुटा निगम



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज बुधवार को रामनवमी के दिन भोग भंडारा के बाद निगम अमला भंडारा स्थलों को सफाई पर जुटा रहा।

जगह - जगह से खाली प्लेट और कचरे को उठाकर सेग्रिगेशन सेंटर भेजकर उन जगहों को कचरा मुक्त किया गया।

भोग - भंडारा स्थलों , भजन स्थलों और रामनवमी जुलूस के समय कचरे के निपटारे के लिए निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के निर्देश पर पहले ही तैयारी कर ली गई थी। गीला और सूखा कचरा अलग - अलग रखने के लिए जगह - जगह डस्टबीन रखने के साथ आज सफाई मित्र भी तैनात किए गए थे। कार्यक्रमों के बाद आज शहर भर में कचरे को हटाने का काम दोपहर बाद प्रारम्भ किया गया। जो कि देर शाम तक चला। श्री मिश्रा ने कहा कि कचरों की वजह से नागरिकों को कोई शिकायत ना हो इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। यदि कोई कार्य आज बच गया हो, उसे कल सुबह तत्काल निराकृत कर लिया जाए।

# कांग्रेस, जनता कांग्रेस जोगी समेत कई संगठनों के 300 कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

रायपुर। भाजपा सरकार के सुशासन के चलते विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है।



रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ब्रिजोमाहन अग्रवाल जनसंपर्क के दौरान मंदिर हसौद के खौली गांव में कांग्रेस, जनता जोगी कांग्रेस के पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच समेत विभिन्न संगठनों के 300 से लोग भाजपा में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्पना पवित्र साहू, पंच प्रेमदास बघेल,पंच लालाराम बघेल, मनीष रात्रे,नरेन्द्र बांदे,जीतराम कोशरिया, टिकेशवर कोटरे, सेतकुमार कुरै, अनिल सोनवान, भावसिंग बारले राजकुमार मारली, गजानंद साहु नराका गायकवाड,वेदप्रकाश साहु

विकास भानिकपुरी, नेतराम भापन घनश्याम मारको समेत 300 से ज्यादा लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही साथ ही पार्टी की राष्ट्रहित की नीतियों के चलते ही लोग भाजपा में आ रहे है। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, श्याम नारंग, संजय ढीढी, सुनील मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठनेता भी उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र के साथ अब चलेंगी स्वच्छता दीदी




**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा नागरिकों से सूखा और गीला कचरा अलग - अलग लेने के लिए रामकी की हर गाड़ी के साथ सफाई दीदियों के चलने की योजना बनाई गई है। अब हर गाड़ी के पीछे - पीछे चलकर सफाई दीदियाँ नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग - अलग कर देने के लिए जागरूक करेंगी। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम निगम मुख्यालय भवन में अपर आयुक्त द्वय विनोद पांडे, राजेन्द्र गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बैठक ली। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अधिकारियों समेत सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा वार्ड निरीक्षक भी शामिल थे। स्वास्थ्य अधिकारी पाणिग्रही ने बताया कि बैठक में कचरे के निपटारे पर योजना बनाई गई।

साथ ही शहर भर में नागरिकों के घरों से निकले सूखा और गीला कचरा अलग - अलग लेने पर जोर दिया गया। कचरा लेने आई रामकी की गाड़ियों में पुरूष रहते हैं। आमतौर पर देखा जाता है कि ये सफाई मित्र गीला और सूखा कचरे को नागरिकों को अलग - अलग रखने की बात नहीं करते हैं और मिश्रित कचरे को एक साथ ले लेते हैं। निगम कमिश्नर मिश्रा के निर्देश पर रामकी की प्रत्येक वाहन के पीछे सफाई दीदियों को भेजा जाएगा। ये दीदियाँ नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग - अलग कर देने के लिए प्रेरित करेंगी। शहर में कचरे की सफाई को लेकर 12 अप्रैल को भी बैठक लेकर प्रतिवेदन बनाया गया था।

# ह्यनक्सलियों से भाईचारा निभाती कांग्रेस की यह बेहद शर्मनाक गिरावट

## अपने इस बयान के लिए कांग्रेस पूरे प्रदेश और बस्तर की जनता से बिना शर्त माफी मांगे-भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कांकेर जिले के आदिवासी नेताओ सांसद मोहन मण्डावी, विधायक विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, मन्तु राम पवार ने कांकेर मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को शहीद बताने पर कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस की यह सोच उसके वैचारिक तौर पर पूरी तरह दीवालिया हो जाने का एक और जीता.जीगता सबूत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विचारों के स्तर पर इतनी कंगाल होती जा रही है कि अब वह आतंकवादियों, नक्सलवादियों को शहीद तक बताने पर गुरेज नहीं कर रही है। नक्सलियों को भटका हुआ और मासूम बताते-बताते कांग्रेस अब उनको शहीद बता रही है, इससे अधिक शर्मनाक गिरावट माओवादी उग्रपंथियों से भाईचारा निभाती कांग्रेस की और क्या हो सकती है। उन्होंने कांग्रेस से अपने इस बयान के लिए पूरे प्रदेश, विशेषकर बस्तर की जनता से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को शहीद कहा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने अपने इस राजनीतिक चरित्र के जरिए लोकतंत्र पर प्रहार किया है, देश के सुरक्षा बलों और उनके शौर्य




पर प्रहार किया है। यह छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है। यह बहुत ही शर्मनाक बयान है और जिस तरह से कांग्रेस ने पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद की आग में झोंका था। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता का यह बयान कांग्रेस की इस निकृष्ट मानसिकता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में नक्सली मोर्चे पर अपनी नाकामी और नाकारापन की कुंठा से ग्रस्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक तरफ काँकेर मुठभेड़ को फर्ज़ी बताकर सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार करने का काम करते हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता नक्सलियों को शहीद बताकर जनभावनाओं का अपमान करती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को इस मुठभेड़ में घायल जवानों की वीरता को फर्ज़ी बताने में जरा भी शर्म इसलिए महसूस नहीं हुई क्योंकि उनके शासनकाल में एक तरफ नक्सली राजनीतिक संरक्षण में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की टारगेट किलिंग का सिलसिला चलाए हुए थे। भरी सभा में कांग्रेस विधायक की मौजूदगी में भाजपा के चुनाव प्रचारकों को काट और मार डालने की धमकियां दी जाती थी। वहीं दूसरी तरफ नक्सली बारुदी विस्फोट करके जवानों का खून बहाने की कायरता का प्रदर्शन कर रहे थे और कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार उन शहीद जवानों का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में नहीं करने की नक्सली धमकी के सामने दुम दबाकर बैठी रही थी। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की भूपेश सरकार के इस शर्मनाक रवैए को भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है। कांग्रेस का अब यही राजनीतिक चरित्र शेष रह गया है और वह उग्रपंथी माओवादियों की कठपुतली बनकर रह गई है।

---

एक नजर

लोकसभा निर्वाचन 2024

### वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव एवं नारायणपुर (आंशिक) के 298 मतदान केंद्रों में मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा सकेगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज को भी अनुमति प्रदान की गई है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम में लगी भीषण, लाखो का सामान जलकर खाक



**कवर्धा।** कवर्धा जिले के ग्राम पोंडी में भयानक हादसा हो गया। दशरंगपुर रोड पर स्थित धनंजय इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शार्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया और इलेक्ट्रानिक दुकान के गोदाम में रखे कूलर, पंखा, आलमारी दीवान सहित पांच लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। जिले में लगातार आगजनी के मामले देखने को मिल रहे हैं। अगर पिछले दो महीने की बात करें तो 07 से अधिक आगजनी के मामले सामने आए हैं। आगजनी के ज्यादातर मामले शॉर्ट सर्किट के चलते होते हैं, वहीं खेतों की फसलों में आगजनी ज्यादा देखने को मिला है। लेकिन इस महीने में दुकान में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इसी माह 04 अप्रैल को बिरोडा में 03 मंजिला मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। पोंडी चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने बताया कि पोंड़ी के धनंजय इलेक्ट्रॉनिक के गोदाम में सुबह 08 बजे आग लगी, जिसमें रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकान संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### बालको के रेलवे रैक से सस्टेनेबिलिटी एवं उत्कृष्ट उत्पादन को मिला बढ़ावा

**कोरबा-बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने प्रचालन में पहला बोगी ओपन बॉटम रैपिड डिस्चार्ज न्यूमेटिक हाई स्पीड मॉडल-2 (बीओबीआरएनएचएसएम2) रेलवे रैक शामिल किया है। कच्चे माल की खरीद के लिए यह उत्कृष्ट आपूर्ति श्रृंखला एवं सस्टेनेबिलिटी को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल के माध्यम से कोयले की आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने वाले इस स्ट्रेजिक निर्णय से प्रचालन की दक्षता में वृद्धि होगी। प्रत्येक रैक लगभग 120 ट्रकों की आवश्यकता को पूरा करेगा।

भारतीय रेलवे द्वारा प्रस्तावित सामान्य प्रयोजन वैगन निवेश योजना (जीपीडब्ल्यूआईएस) के अंतर्गत शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य कोयला संसाधनों के वितरण को सुव्यवस्थित करना है, जो लॉजिस्टिक लागत में कमी के साथ घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीओबीआरएन वैगन में बॉटम डिस्चार्ज दरवाजे हैं जो जल्दी एवं कम समय की लागत में अनलोडिंग प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करते हैं। यह कच्चे माल प्राप्त करने के लिए औसत रोटेशन चक्र को सुचारू बनाने में मदद करता है जो बालको जैसे प्रमुख इंडस्ट्री ऑपरेशन के प्रक्रिया को सस्टेनेबल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सड़क परिवहन की तुलना में रेल परिवहन कई फायदे हैं। रेलवे की विशाल भार क्षमता ने सड़क नेटवर्क की निर्भरता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के बोझ को कम किया है जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में वृद्धि हुई है। यह सामग्री की आवाजाही से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट को कम करके इंडस्ट्री ऑपरेशन को अधिक सस्टेनेबल बनाने में मदद करता है, जिससे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

---

## 14 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

अब तक 30 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन पत्र क्रय

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए 14 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसके अंतर्गत प्रताप सिंह भानु, निर्दलीय, पालन सिंह, निर्दलीय, सोबरन सिंह सैमा, निर्दलीय,रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, सुश्री प्रियंका पटेल, रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया अंबेडकर, सुश्री सरोज पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी, शांति बाई मरावी, निर्दलीय, केवल भारती गोस्वामी, निर्दलीय, श्याम सिंह मरकाम, गोंगपा, राजेश पाण्डेय, निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा, भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी,जयचंद्र सोनपाकर, निर्दलीय एवं कमाल खान, निर्दलीय शामिल हैं। नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया। जिसके अंतर्गत सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, प्रशांत डेनिएल सर्व आदि दल,शांति बाई मरावी निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर छत्तीसगढ़िया पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय,संतोष शर्मा निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, राजन पाण्डेय निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय,कौशल्या पोर्ते निर्दलीय, पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी निर्दलीय, संतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराई पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 30 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है।

---

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, जशपुर और मनोरा में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ, किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत.प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर ब्लॉक सहित अन्य ब्लॉक और ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर और रंगोली बनाकर मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह मनोरा ब्लॉक में मतदाता जागरूकता रैली




निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा शपथ लेकर ग्राम वासियों को स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत.प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित



---

### मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के साथ जवारा कलश का हुआ विसर्जन

जगह-जगह भोग प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

**कोरबा।** नवरात्र पर्व के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना यज्ञ अनुष्ठान सहित की गई। शहर के देवी मंदिर में देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तों की मंदिर में कतार लगी रही। दिन भर विधिवत पूजा अनुष्ठान के पश्चात शाम को मनोकामना ज्योति और जवारा कलश का विसर्जन किया गया। मंदिरों में भंडारा के साथ जगह-जगह भोग प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। नौ दिन से जारी नवरात्र पर्व के अंतिम दिन बुधवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। मंदिर में नवरात्र पर्व का उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया। दुर्गा सप्तपदी का पठन-पाठन करते श्रद्धालु भक्तों को देखा गया। मां सर्वमंगला मंदिर में पर्व के अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में यज्ञ हवन के पश्चात ज्योति पूजा की गई, जिसमें मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने वाले श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। शहर के अलग-अलग जगहों में मां के भोग प्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया। कालीबाड़ी मंदिर में आयोजित भंडारे में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने मां के प्रसाद को ग्रहण किया। पुरानी बस्ती, सीतामणी, दर्री रोड, पावर हाउस रोड, टीपी नगर सहित अलग-अलग स्थानों में स्थित देवी मंदिर परिसर में भी भंडारे का आयोजन किया गया था। दर्री बांध के निकट स्थित मां भवानी मंदिर में भी मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को कतारबद्ध अपनी पारी का इंतजार करते हुए देखा गया। यहां नौ दिन तक चले मानस यज्ञ के पूर्णाहुति में यज्ञ कर्ताओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ हवन किया। पर्वतीय क्षेत्रों में निवास करने वाली मां मड़वारानी, कोसगाई में आस्थावान श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इन स्थानों में भी आयोजित विशाल भंडारे व भोग प्रसाद वितरण किया। नौ दिन तक देवी विविध रूपों की उपवास रख कर पूजा करने वाले वाले व्रती श्रद्धालुओं ने कन्या भोजन कराकर अपने व्रत खोला। इस दौरान कन्याओं की पूजा अर्चना कर उनके पांव धोकर चरणामृत प्रसाद लिया गया।

---

# जिले में मतदान की तैयारी पूरी

## 226149 मतदाता कर सकेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

**कोण्डागांव।** जिले में प्रथम चरण के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके तहत 298 दलों का गठन किया गया है, जिसमें कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के 242 और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में 56 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों में 2 लाख 26 हजार 149 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे, जिनमें 01 लाख 08 हजार 958 पुरुष मतदाता, 01 लाख 17 हजार 185 महिला मतदाता और 06 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। कोण्डागांव विधानसभा में कुल 01 लाख 87 हजार 920 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 90 हजार 586 पुरुष मतदाता, 97 हजार 328 महिला मतदाता और 06 तृतीय




लिंग के मतदाता शामिल है। वहीं नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में कुल 38 हजार 229 मतदाता शामिल है जिनमें 18 हजार 372 पुरुष मतदाता, 19 हजार 857 महिला मतदाता मतदान कर सकेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्र निष्पक्ष तथा पारदर्शी निर्वाचन के साथ ही शांति पूर्ण




और सुरक्षित वातावरण में मतदान की पूरी तैयारियां की गयी हैं। इसके साथ ही जिले में महिलाओं द्वारा संचालित दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं पांच युवा एवं एक दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाया गया है। इसके साथ ही मतदान के दिन दिव्यांग रथ भी चलाए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगों के नि:शुल्क परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। मतदान केन्द्रों में गर्मी को देखते हुए छांव, पेयजल इत्यादि व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और वे सहजता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। सभी मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री के साथ ही मतदान दलों को एक दिन पूर्व पहुंचा दिया गया है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान प्रात: 07 से 03 बजे तक संचालित किये जाएंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील मतदान केंद्रों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वेबकास्टिंग विधि द्वारा सीसीटीवी स्थापित कर सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है जहां मतदान दलों, मतदान समाग्री एवं मतदान प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। मतदान दलों के परिवहन में लगे वाहनों में जीपीएस डिवाइस भी लगाए गए हैं जिनकी ट्रैकिंग कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है।

---

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे

**कोंडागांव।** भारतीय थल सेना के जैक राइफल में पदस्थ नायक टंकेश्वर सेन 40 दिन की छुट्टियों में अपने गृहनगर कोडागांव आये हुए थे इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पूर्व सैनिकों के साथ शामिल होकर प्रतिदिन बच्चों को अग्निवीर और जिला पुलिस बल में चयनित होने के नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया द्य पूर्व सैनिकों के साथ साथ सेवारत सैनिक भी छुट्टियों के दौरान निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में युवाओं को सेना में जाने के लिये प्रेरणा दे रहे हैं द्य दिनाँक 18 अप्रैल को



नायक टंकेश्वर सेन की छुट्टियां खत्म होने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई द्य इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक ढालेश साहू, सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम, सेवारत सैनिक घिना नेताम, सेवारत सैनिक शिवनाथ यादव, सेवारत सैनिक कृष्णा नेताम, सेवारत सैनिक कलिनदर पोयाम, कांतेश देवांगन निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 320 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।



## रोमांटिक लव स्टोरी प्यार के दो नाम का पोस्टर हुआ रिलीज




आगामी रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म प्यार के दो नाम का पोस्टर रिलीज हो गया है. यह फिल्म 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. पोस्टर में एक युवा जोड़े को एक दूसरे के साथ देखा जा सकता है, दोनों ने सूट पहना हुआ और फौरेन का बैकग्राउंड नजर आ रहा है. दोनों के चेहरे पर प्यार और खुशी झलक रही है. यह फिल्म विजय गोयल और दानिश जावेद द्वारा निर्मित और शहाब अल्लाहाबादी द्वारा सह-निर्मित है. फिल्म में भाव्य सचदेवा, अंकिता साहू, अंचल तंवर, कनिका गौतम और रिनी आर्या मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म से सामने आए पोस्टर में एक्टर भव्य सचदेवा और एक्ट्रेस अंकिता साहू को एक हरियाली भरे गार्डन में एक चेयर के पीछे खड़े होते हुए देखा जा रहा है।



## न्यूरोडायवर्जेंट से जूझ रहे लोगों के लिए सीखने लायक माहौल बनाना महत्वपूर्ण : सान्या मल्होत्रा

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने न्यूरोडायवर्जेंट से जूझ रहे लोगों के लिए कहा है कि ऐसे लोगों के लिए एक लचीला सीखने का माहौल बनाना महत्वपूर्ण है। अप्रैल में ऑटिज्म जागरूकता माह मनाया जाता है।

यह महीना ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। न्यूरोडायवर्जेंट एक दिमागी विकार है जो मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में अंतर के कारण उत्पन्न होने वाली एक विकास संबंधी विकलांगता है।

हाल ही में फिल्म सैम बहादुर में नजर आने वाली एक्ट्रेस सान्या ने न्यूरोडायवर्जेंट व्यक्तियों के लिए एक विशेष स्कूल सो-हम स्माइल्स के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

यह स्कूल एक एनजीओ द्वारा समर्थित है जो न्यूरोडायवर्जेंट लोगों को देखभाल और सहायता प्रदान करता है।

सान्या का मानना है कि स्कूल सिर्फ एक थेरेपी सेंटर से कहीं अधिक है, यह समावेशिता, सशक्तिकरण और करुणा का भी प्रतीक है।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि यह केंद्र खुल रहा है जो न्यूरोडायवर्जेंट व्यक्तियों को सहायता प्रदान करेगा, ये समय की मांग है। इन लोगों के लिए जीवन कौशल और स्वतंत्र जीवन पर एक लचीला माहौल ढूंढना महत्वपूर्ण है।

सान्या ने कहा, समाज की बेहतरी के लिए इन बच्चों और वयस्कों की स्वीकार्यता और जगह पाना अनिवार्य है। मुझे यकीन है कि केंद्र असंख्य जिंदगियों पर बेहतर प्रभाव डालेगा।

## जिनल जोशी ने बिकनी पहन स्विमिंग पूल में लगाई आग

एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख उड़ जाएंगे आपके होश

एक्ट्रेस जिनल जोशी आए दिन अपने बोल्ड फोटोशूट से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस लगातार अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रही हैं जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगी हैं।

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को बखूबी रिझा रही हैं। मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी अपने फैंस को रिझाना बाखूबी जानती हैं. आए दिन वे अपने ग्लैमरस और बोल्ड अवतार से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं. जिनल ने रेड एंड ब्लैक बिकनी पहनी है और बाल खुले रखकर स्विमिंग पूल के किनारे एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देते नजर आई हैं. जिनल जोशी अपने हर लुक से फैंस को इंप्रेस कर देती हैं। हालांकि उनकी हॉटनेस फैंस के बीच कहर भी बरपाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। जिनल जोशी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं। जिनल का बोल्ड अवतार देख यूजर्स का दिल काबू में रहना मुश्किल हो गया है. फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी व रेड हार्ट की बारिश कर रहे हैं. बता दें कि जिनल को इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।



## अजय देवगन की मैदान की कमाई में भारी गिरावट, पांचवें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये




अजय देवगन की फिल्म मैदान को ईद के खास मौके पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।हालांकि, मैदान ने पहले ही दिन बड़े मियां छोटे मियां के आगे घुटने टेक दिए थे। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।वीकेंड पर ठीक-ठाक कारोबार करने के बाद अब कामकाजी दिनों में मैदान की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। मैदान की पांचवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, ज ो अब तक का सबसे कम कारोबार है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 23.50 करोड़ रुपये हो गया है।मैदान ने 4.50 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए।चौथे दिन यह 6.40 करोड़ रुपये जुटाने में सफल रही।

महज 5 दिन में मैदान ने दुनियाभर में 31.86 करोड़ रुपये से अधिक जुटा लिए हैं।इस फिल्म की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

## प्राइम वीडियो ने किया यंग एडल्ट ऑरिजिनल सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा का ऐलान

अनुष्का सेन स्टारर सीरीज का 25 अप्रैल को होगा प्रीमियर



प्राइम वीडियो ने अपनी मचअवेटेड वेब सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा के प्रीमियर की तारीख का ऐलान कर दिया है. इस वेब सीरीज में लीड रोल में एक्ट्रेस अनुष्का सेन हैं. जबरदस्त पोस्टर के साथ इस वेब सीरीज की रिलीज डेट फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रही है. ये वेब सीरीज आपको एक युवा लड़की, अस्मारा की दुनिया में ले जाएगी. उसकी सुकून भरी गर्मियों की छुट्टी में उस वक्त एक अनचाहा मोड़ सामने आता है, जब उसे सजा के तौर पर उसके नाना -नानी के पड़ोस में भेज दिया जाता है. अपने दोस्तों के बीच दिखावे को बनाए रखने के लिए वह कनाडा में होने का नाटक करती है.

## बॉक्सिंग ड्रामा मैं लड़ेगा का फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म!




आगामी बॉक्सिंग ड्रामा फिल्म मैं लड़ेगा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है. यह फिल्म एक ऐसे बॉक्सर की कठिन कहानी है, जो अपनी मां को अपने पिता से बचाने के लिए लड़ता है. पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार आकाश प्रताप सिंह दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं. आकाश ने फिल्म को लिखा भी है. फिल्म का निर्माण कथकार फिल्म्स के अंतर्गत अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त ने किया है. फिल्म का निर्देशन गौरव राणा द्वारा किया गया है. फिल्म मैं लड़ेगा 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

'मैं लड़ेगा' एक छोटे शहर के परिवार की कहानी है, जहां मां को लगभग हर दिन अपने पति से घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। और यह अप्रिय माहौल आकाश के किरदार पर एक छाप छोड़ देता है। वह खुद को घर से दूर कर लेता है और बड़ा होकर एक मुक्केबाज बॉक्सर बन जाता है और वह इस टॉक्सिक पितृसत्ता से लड़ता है और अपने पिता से भिड़ जाता है, जो कई सालों से उसकी मां पर अत्याचार कर रहे थे। एक्शन से भरपूर, यह फिल्म भावनात्मक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों को निश्चित रूप से झकझोर रख देगी।

यह पोस्टर वास्तव में तनावपूर्ण पारिवारिक समीकरण और एक बेटे के अपनी मां के प्रति प्रबल प्रेम को दर्शाता है। दिल के आकार के बॉक्स दस्तानों के बीच में सेट की गई एक फटी हुई पारिवारिक तस्वीर को दिखाते हुए कहानी के भीतर पनप रहे तूफान की ओर इशारा करता है। अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त द्वारा निर्मित इस फिल्म को मुख्य अभिनेता आकाश प्रताप सिंह ने लिखा है। 'मैं लड़ेगा' का निर्देशन गौरव राणा ने किया है।






अहमदाबाद। दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को सीजन के 32वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (GT) को उसी के होमग्राउंड में 6 विकेट से हरा दिया। यह दिल्ली की इस सीजन में तीसरी जीत है। अहमदाबाद में दिल्ली ने 90 रन का टारगेट महज 8.5 ओवर में 4 विकेट खोकर चेज कर लिया। इससे पहले, गुजरात टाइटंस 17.3 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। टाइटंस ने लीग में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया।

# दिल्ली ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

8.5 ओवर में चेज किए 90 रन, IPL में GT का यह सबसे छोटा स्कोर




इससे पहले पिछले साल टीम दिल्ली के ही खिलाफ 125 रन बनाकर सिमट गई थी। कप्तान ऋषभ पंत प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 11 बॉल पर नाबाद 16 रन बनाए। साथ दो कैच पकड़े और दो स्टंप भी किए।

गुजरात से राशिद खान ने 31 रन बनाए, बाकी कोई बैटर 15 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। साई सुदर्शन ने 12 और राहुल तेवतिया ने 10 रन बनाए। DC से मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स को 2-2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और खलील अहमद को 1-1 विकेट मिला, वहीं एक बैटर रनआउट भी हुआ।

जवाबी पारी में दिल्ली के ओपनर जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 10 बॉल पर 20, शाई होप ने 10 बॉल पर 19 और कप्तान ऋषभ पंत ने 11 बॉल पर नाबाद 16 रन बनाए। संदीप को दो विकेट मिले।

### गुजरात की हार के कारण

अपने ही जाल में फंसी गुजरात गुजरात ने अपने होमग्राउंड पर काली मिट्टी की पिच बनवाई, लेकिन दिल्ली के टॉस जीतने के कारण टीम अपने ही जाल में फंस गई। शुरुआती ओवर्स में दिल्ली के पेसर्स को मदद मिली और गुजरात ने पावरप्ले में 30 रन बनाने में टॉप-4 विकेट गंवा दिए। खराब शुरुआत के बाद पारी संभाल नहीं पाया मिडिल ऑर्डर पावरप्ले में खराब शुरुआत के बाद मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज पारी संभालने में नाकाम रहे। टीम बीच के ओवर्स में भी लगातार विकेट गंवाती रही और पूरी टीम 17.3 ओवर में 89 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। गुजरात की ओर से 20 रन से ज्यादा की कोई साझदारी नहीं हुई। दिल्ली की तेज शुरुआत, पावरप्ले में 67 रन बनाए 90 रन का स्कोर चेज करने उतरे दिल्ली के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाए। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर 67 रन पर चार विकेट रहा।

तेज शुरुआत के कारण गुजरात के गेंदबाज दबाव नहीं बना सके। गिल की कप्तानी गिल ने पारी की शुरुआत तेज गेंदबाजों से कराई, जबकि दिल्ली के ओपनर जैक फ्रेजर-मैकर्ग पिछले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ स्पिनर्स के सामने असहज महसूस कर रहे थे।

## एक नजर

## टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे की सफलता से खुश हैं: बटलर

**कोलकाता** । राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद खुशी व्यक्त की। ड्रेसिंग रूम के माहौल पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि टीम सुलझी हुई लगती है और हर कोई एक-दूसरे की सफलता से खुश है। मंगलवार रात ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट से जीत के बाद आरआर ने आईपीएल 2024 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 224 रनों का लक्ष्य रखा. लेकिन, लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आरआर रास्ता भटकता नजर आया। फिर, बटलर ने अपनी घबराहट को नियंत्रित किया और अपने खिलाफ खड़ी बाधाओं को देखते हुए गियर बदल दिया। बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए, जो उनका सातवां आईपीएल शतक और सीज़न का दूसरा शतक था, क्योंकि राजस्थान ने मैच की अंतिम गेंद पर लक्ष्य का पीछा करते हुए एक सफल रन चेज़ में सर्वाधिक रन बनाने के अपने ही आईपीएल रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अपने सातवें आईपीएल शतक के बारे में आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर, जियो सिनेमा से बात करते हुए, बटलर ने कहा, यह सही है, आखिरी गेंद पर विजयी रन बनाना एक अद्भुत एहसास है। टाटा आईपीएल हमेशा इन मैचों को खुला कर देता है, यही बात है जो आपको यह सोचने की अनुमति देती है कि जूनून में कुछ भी संभव हो सकता है।



## राफेल नडाल ने बार्सिलोना में विजयी वापसी की

**बार्सिलोना** । पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल ने बार्सिलोना ओपन में विजयी वापसी की, जहां 12 बार के चैंपियन ने इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 6-3 से हराया। एटीपी टूर के हवाले से नडाल ने अपनी वापसी के बारे में कहा, हर बार यह अधिक कठिन होता है और खासकर जब आप अधिक उम्र में होते हैं, तो यह चीजों को और भी कठिन बना देता है। मैं कठिन क्षणों से गुजर रहा हूं लेकिन साथ ही, जब मैं कुछ दिनों के लिए टूर पर रह पाता हूं और लोगों के साथ अभ्यास कर पाता हूं और फिर थोड़ी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो जाता हूं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। फिर भी आगे बढ़ना काफी सुखद है। मैं बिना किसी संदेह के जीत के साथ शुरुआत करके खुश हूं। 37 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी 14वीं रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद अपना पहला क्ले-कोर्ट मैच खेल रहे थे। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार की जीत सतह पर उनकी 475वीं जीत थी। 92 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिनसे नडाल अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 3-1 से आगे हैं।



## धोनी अगले साल का IPL भी खेल सकते हैं: रैना ने किया दावा



चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व कप्तान एमएस धोनी IPL के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस (MI) के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था।

एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके IPL रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, कि आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी IPL है। इसके बाद धोनी हंसने लगे।

मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे। वहीं IPL के इस सीजन के शुरु होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि IPL में धोनी का यह आखिरी साल होगा।

## गलत थ्रो करने पर मुकेश पर भड़के कुलदीप

कहा- पागल है क्या, पंत ने शांत कराया; माइक पर सब सुनाई दिया; मोमेंट्स



दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में बुधवार को गुजरात टाइटंस (GT) को 6 विकेट से हराया। अहमदाबाद में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात टाइटंस 17.3 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। टाइटंस ने लीग में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया। इससे पहले पिछले साल टीम दिल्ली के ही खिलाफ 125 रन बनाकर सिमट गई थी। मैच के दौरान कुलदीप यादव फील्डर मुकेश कुमार पर गुस्सा हो गए और उन्हें दिल्ली के कप्तान ऋषभपंत ने शांत कराया। कुलदीप मुकेश को यह कहते हैं कि पागल वागल है क्या। उसके बाद पंत कहते हैं गुस्सा नहीं, गुस्सा नहीं। इन दोनों की बात स्टंप्स माइक में रिकॉर्ड हो गई।

वहीं, डेविड वॉर्नर की जगह आए सुमित कुमार ने शानदार रनआउट किया। ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे से 4 सफलता दिलाईं। इसमें 2 शानदार स्टंपिंग शामिल थीं। मैच मोमेंट्स...

दिल्ली कैपिटल्स के पेसर मुकेश कुमार ने गुजरात टाइटंस के ओपनर ऋद्धिमान साहा को बोल्ड कर दिया। चौथे ओवर की पांचवी बॉल पर मुकेश कुमार ने शॉर्ट लेंथ पर स्विंग गेंद फेंकी। साहा को स्विंग की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने मिड विकेट की ओर शॉट खेलने की कोशिश की और बल्ले के किनारे से लगकर बॉल सीधे स्टंप में जा लगी। साहा 10 बॉल में केवल 2 रन ही बना सके। दिल्ली कैपिटल्स लिए सुमित कुमार ने चोटिल डेविड वार्नर की जगह ली और साई सुदर्शन का शानदार रन आउट कर बड़ा प्रभाव डाला। सुदर्शन का रनआउट पांचवें ओवर की पहली गेंद पर हुआ, मिडिल स्टंप लाइन पर लेंथ ईशांत शर्मा की डिलीवरी फेंकी, जिसे साई ने मिड-विकेट की ओर खेला।

लोकसभा निर्वाचन–2024

# निर्वाचन से संबंधित कार्यों का कराया गया बोध, ईवीएमए वीवीपैट का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग एव सीलिंग प्रक्रिया की दी गई जानकारी

## जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को आज जिला पंचायत सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डीआर राठिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों का बोध कराया गया। जिले में 116 सेक्टर अधिकारियों को नामित किया गया है। प्रथम चरण के प्रशिक्षण परीक्षा उपरांत कम अंक लाने वाले एवं अनुपस्थिति सेक्टर अधिकारियों का दुबारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कौशल विकास के सहायक संचालक प्रकाश यादव सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी एवं मतदान दल के बीच के कड़ी होते हैं। इसलिए उन्हें अपने अधीनस्थ सेक्टर के सभी केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो इसलिए सेक्टर अधिकारियों को मतदान के पूर्वए मतदान सामग्री वितरण के दिन तथा मतदान दिवस को क्या–क्या कार्य किया जाता है के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। तथा ईव्हीएम में समस्या आने पर त्वरित समाधान कैसे किया जाता है के बारे में जानकारी दी गई है। तथा ईवीएमएसीयूएबीयू वीवीपीएटी का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग एवं सीलिंग की प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी। निर्वाचन कार्य के सभी बिन्दुओं का महत्व समझते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए। सेक्टर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर आचार संहिता समाप्त होने तक उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। संवेदनशील क्षेत्र जहां, मतदान के दौरान विवाद होने की स्थिति बनी रहती हैं, ऐसे क्षेत्रों में अधिक संवेदनशीलता और गम्भीरता से कार्य करने को कहा। स्थानीय स्तर पर पूर्व में घटित घटनाओं के आधार पर मतदान केन्द्रों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधिकारियों की मदद लेने को कहा। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी के पास चुनावों से सम्बंधित सबसे अधिक जिम्मेदारी होती है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही उनके काम शुरू हो जाते हैं और मतदान प्रक्रिया खत्म होने

### निर्वाचन कार्य के लिए सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

के बाद ही वे मुक्त हो सकते है। एक सेक्टर अधिकारी दस से बारह मतदान केन्द्रों का प्रभारी होता है। वह अपने प्रभार के मतदान दलों का फ्रैंड फिलॉसफर गाइड होता है। अपने सेक्टर में वह निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधि भी होता है। वह मतदान दल और आरओएआरओ के बीच की कड़ी भी होता है। उन्हें नियुक्त होते ही अपने प्रभार के केन्द्रों को दौरा करना चाहिए। उन्हें ईवीएम के बारे में पूरी जानकारी, बिना भ्रम और बिना शंका, होनी चाहिए। सेक्टर अधिकारी को मतदान प्रक्रिया की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने क्षेत्र और उसके पहुंच मार्गों की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी को मतदान से पहले अपने प्रभार के मतदान केन्द्रों का दौरा करके जानकारी ले लेनी चाहिए। यदि सेक्टर में भ्रमण में कोई बाधा हो, जैसे टूटे पुल–पुलिया या कटी सड़क तो सेक्टर अधिकारी तत्काल आरओ एआरओ एवं सम्बंधित एजेंसी को सूचित कर सकते है। प्रकाश, छाया,पेय जल, शौचालय, रैंप व्यवस्था की भी जानकारी होनी चाहिए। राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के कार्यालय केंद्र से 200 मीटर से अधिक दूर होना चाहिए। यदि मतदान केंद्र नया है तो उसका पर्याप्त प्रचार किया जाना चाहिए। सेक्टर अधिकारी यह भी नजर रखें कि उनके सेक्टर में आदर्श आचार संहिता का पालन हो रहा है। अपने क्षेत्र में अनाधिकृत प्रचार वाहनों की आवाजाही, शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग और उनके तथा निजी संपत्तियों के विरूपण पर भी नजर रखें। क्षेत्रीय संवेदनशीलता का आकलन,कारकों की पहचान करना और आरओएआरओ को प्रपत्र.2 में सूचित करनाए संवेदनशील क्षेत्रों के मतदाताओं को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करना आदि कार्य सेक्टर अधिकारी के होंगे। मतदान के दिन सेक्टर अधिकारी जोनल मजिस्ट्रेट की शक्तियों से भी लैस होंगे, इसलिए उन्हें उसके अनुरूप भी योजना तैयार रखना चाहिए। मतदाताओं के प्रति सेक्टर अधिकारी के विभिन्न उत्तरदायित्व होते है.जैसे ईवीएम के प्रति मतदाताओं को जागरूक करना, ईपिक के प्रति विशेष रूप से आगाह करना, मतदाताओं को उनके केंद्र के बारे में अवगत कराना, मतदाताओं को हेल्पलाईन नंबर एवं केंद्र पर मिल सकने वाली सहायता के बारे में जागरूक करना, भय अथवा दबाव मुक्त मतदान के लिए प्रयास करनाए उन मतदाता समूहों पर विशेष ध्यान देना जो वलनरेबल हैं। मतदान केंद्र के संबंध में विशेष रूप से सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। यदि कोई प्रभावित मतदाता समूह है तो उसकी पहचान, मोबाइल से संपर्क की व्यवस्थाए केंद्र के आस पास के लोगों के नंबर लेकर रखना चाहिए। इसके अलावा सेक्टर अधिकारी मतदान से एक दिन पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान दल अपने अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गए और उन्हें मतदान सामग्री, दल के किसी सदस्य, अथवा ईवीएम को लेकर कोई समस्या न हो, दल के साथ आबंटित सीपीएफ सहित सभी सुरक्षा कर्मी केंद्र पर उपस्थित हो।

सेक्टर अधिकारी आरओ को रिपोर्ट भेजेंगे। मतदान के दिन सेक्टर अधिकारी मॉक पोल सुनिश्चित करेंगे। उन केन्द्रों पर ध्यान देंगे जहां मतदान एजेंट नहीं हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि समय पर मतदान आरम्भ हो, आवश्यकता होने पर ईईएम व वीवीपैट बदल सकते है। मतदान की गति पर नजर रखेंगे और हर दो घंटे पर रिपोर्ट संकलित कर आरओ को रिपोर्ट करेंगे। अपने प्रभार के मतदान केन्द्रों की सूची, रूट चार्ट, क्षेत्र का नक्शा, आरओ एआरओ सहित सभी सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल नंबर, प्रभार के मतदान दलों के संपर्क नंबर, सभी आवश्यक निर्देश, निरीक्षण प्रतिवेदन प्रपत्र 1 एवं 2, प्रपत्र 3 ;22 कॉलम वाला प्रपत्र,मतदान के बाद के लिए इत्यादि सेक्टर अधिकारियों के पास यह अनिवार्य रूप से होना चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत टेस्ट लिया गया।

# सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा। प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाईट www .joinindianarmy.nic.in में डाउनलोड कर सकते है। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचें। छत्तीसगढ़ में ऑनलाईन परीक्षा सीईई केन्द्रों के तहत बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर पिन–495220 तथा चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन–495004 में निर्धारित की गई है। इसी तरह रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर, पिन–492009 तथा कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन– 492001, भिलाई (दुर्ग)–में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन– 492101, रूंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन– 490024, साईं कॉलेज, स्ट्रीट–69, सेक्टर–6, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन–490006, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन– 490024, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन– 491001 एवं भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन–491001 तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आज 7 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र



जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

लोकसभा निर्वाचन–2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक–2 के लिए आज 7 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें मदन प्रसाद गोंड–गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भवानी सिंह सिदार–हमर राज पार्टी, गुलेश्वर पैंकरा–भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज–हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर–बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह–इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा पूजा सिदार–निर्दलीय ने नामांकन फार्म जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है।

## एक नजर

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तारीखें घोषित

बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी परीक्षांए

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22, 23, 24, 25, 29,30 अप्रैल एवं 02, और 03 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई दुर्ग, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी । इस बार से अग्निवीर ऑफि स असिस्टेंटए एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जायेगा। उम्मीदवारों के डाउनलोड करने के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड किए गए है। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन परीक्षा हेतु 05 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इनमें बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर एवं चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर,छत्तीसगढ़ निर्धारित है। इसी प्रकार रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना,रायपुर व कलिंगा यूनिवर्सिटी,कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर,भिलाई दुर्ग में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 दूसरा एवं तीसरा फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, रुंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, साईं कॉलेज,स्ट्रीट .69, सेक्टर.6, भिलाई नगर, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग,भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर निर्धारित है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है साथ ही समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचने के लिए कहा गया है।

### सड़क दुर्घटना के एक मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम करदाना निवासी स्वण् फुलमनी बाई की ऑटो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमआर 7362 से सड़क दुर्घटना में 31 मई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र जयपालन रामए जगत पाल राम एवं पुत्री अमृता बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के चार मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 16 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉण् रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के चार मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरण्बीण्सीण् 6.4 के तहत् 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसीलए उप तहसील बागबहार अंतर्गत ग्राम सुरंगपानी निवासी अजीत मुण्डार का डबरी के पानी में डूबने से 10 फरवरी 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुक्रीता मुण्डार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम काडरो निवासी जंगी केरकेट्टा का कुआं के पानी में डूबने से 04 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी फुलमनीए ग्राम पेमला निवासी सनरखन का डबरी के पानी में डुबने से 25 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के पत्नी मंगनी बाई एवं ग्राम पेमला निवासी सनियारों पैंकरा का कुआं के पानी में डुबने से 17 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति शत्रुघन हेतु 4.4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कांग्रेस की सरकार ही देगी महंगाई से छुटकारा और बराबरी का अधिकार

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र में अपना सघन जनसंपर्क अभियान जारी रखा है। वे जनता के बीच पहुंचकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने व कोरबा से लेकर केन्द्र तक कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान व अपील कर रही है। इस कड़ी में वे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुखरीकला, सुखरीखुर्द सहित अन्य गांवों में पहुंचीं। सांसद का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा परंपरागत स्वागत किया गया।

# ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू

## रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए भेजे गए ईवीएम मशीन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

रायगढ़ तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन वेयर हाउस से लोकसभा निर्वाचन–2024 के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार को दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से केआईटी कॉलेज में ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक कंटेनर ट्रक से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई।

लोकसभा निर्वाचन के लिए पूर्व में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों का सेप्रेशन किया गया था। इसमें वेयरहाउस में स्थित ईवीएम मशीनों को जिले के रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा के अनुसार आबंटन किया गया था। इसके बाद अब ईवीएम मशीनों को शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। शिफ्टिंग के पहले दिन रायगढ़ विधानसभा के लिए केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसमें बीयू 350, सीयू 350 एवं वीवीपैट 369 की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक ट्रक कंटेनर के माध्यम से खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के लिए सी यू, बीयू एवं वीवीपैट मशीनों की शिफ्टिंग की गई। शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की जाएगी। जिसमें धरमजयगढ़ विधानसभा की मशीनों की शिफ्टिंग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में की जाएगी।

# 22 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की कांकेर में आमसभा

जोहार छत्तीसगढ़–कांकेर।




भारत के गृहमंत्री अमित शाह के आगामी 22 अप्रैल को कांकेर में होने वाली आमसभा की तैयारी हेतु भाजपा कार्यालय कमल सदन कांकेर में लोकसभा कांकेर के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई ।

बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा समन्वयक प्रेम प्रकाश पाण्डेय, बस्तर संभाग संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रजनीश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद मोहन मण्डावी, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी विक्रम उसेण्ड यशवंत जैन, लोकसभा सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा,सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, निलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ये क्षेत्र के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि कांकेर लोकसभा के चुनाव प्रचार में देश के गृहमंत्री अमित शाह आ रहे है। हम सब को कड़ी मेहनत कर अपने–अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में जनता को इस आमसभा में लाने हेतु प्रयास करनी होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नेताओं के चुनाव प्रचार में आने से क्षेत्र के लोगों में अलग प्रभाव पड़ता है। कांकेर में विधानसभा चुनाव के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा हो चुकी है और देश के गृहमंत्री जनता को संबोधित करने आ रहे है। कांकेर लोकसभा में हमारी जीत तय है। बस्तर के संगठन प्रभारी रजनीश सिह ने कहा कि चुनाव अब एकदम नजदीक है हमें और ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। हमारे लोकसभा में अधिकांश बुथों में बैठकें हो चुकी है अब शक्ति केन्द्रों की बैठकों में आम जनता को भी शामिल कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करें। लोकसभा में भाजपा के पक्ष में हवा बह रही है। इस बार जीत का मार्जिन बढ़ाने हेतु हमें जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा जाना होगा। जिले के संगठन प्रभारी यशवंत जैन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बैठके कर आगामी आमसभा हेतु कार्य विभाजन के निर्देश दिये साथ ही केन्द्र की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में संपर्क करने के निर्देश दिये।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह की सभा को सफल बनाने हेतु सभी मण्डलों में बैठकें कर प्रचारित करने होंगे जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता भी गृहमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आ सके। लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते आमसभा की तैयारी हेतु कार्ययोजना के बारे में बात की। उन्होंने अभी से भाजपा पदाधिकारियों के बीच कार्य विभाजन कर जिम्मेदारी देने की बात कही।

इस बैठक में पूर्व विधायक, सुमित्रा मारकोले, मंतुराम पवार, सेवक राम नेताम, कमलेश ठोकने, बृजेश चोहान, दिलीप जायसवाल, हलधर साहू, प्रवीर बदेशा, विजय कुमार मण्डावी, आलोक ठाकुर, टेकेश्वर जैन, सर्वेश चौहान, राजीव लोचन सिंह, देवेन्द्र भाउ, अनूप राठौर, सुषमा गंजीर, राजा देवनानी, रत्नेश सिंह, निपेन्द्र पटेल, राधे नाग, रामचरण कोर्राम, निखिल राठौर, विजय मण्डावी, संजय सिन्हा, राजा पाण्डेंय, खलिल खान, मोतीराम नाग, ईश्वर कावड़े, दीपक खटवानी, यशवंत सुरोजिया, पंचूराम नायक, नारायण पोटाई, पीलम नरेटी,नरोत्तम चौहान, जितेन्द्र मरकाम, दिनेश आंचला, रतन हालदार, श्यामल मण्डल, राजेन्द्र गौर,रूखमणी उइके, विजय लक्ष्मी कौशिक, गिरधर यादव, उत्तम यादव, दिनेश रजक, शैलेन्द्र शोरी आदि उपस्थित रहे।



# न्यायिक आवासीय कॉलोनी राज्य के लिए बने मिसाल-चीफ जस्टिस

**चीफ जस्टिस ने न्यायिक आवासीय कॉलोनी रामपुर कोरबा में निर्माण कार्य का किया वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

किसी भी जिले में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी उत्साहवर्धक एवं नयी उर्जा का संचार करने वाली होती ह, जिससे उनके कार्यकुशलता में और दक्षता में वृद्धि होती है, जिले की नई कॉलोनी ऐसी बने जो राज्य के लिये एक मिसाल साबित ह, उक्त बातें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के द्वारा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण के लिये आवासीय कॉलोनी के वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर कही।

चीफ जस्टिस सिन्हा ने आवास गृह निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए। सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों को भी इस परियोजना की सतत् निगरानी रखने के लिए भी कहा। भूमि पूजन एवं आधारशिला के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ उच्च




न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज गौतम भादुड़ी, द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है, चीफ जस्टिस के द्वारा सभी जिलों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला न्यायालयों में आवास की कमी है। न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी को सर्वसुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराये जाने पर उनके कार्य में कुशलता होगी वे किसी मानसिक दवाब के अच्छे से अच्छा कार्य तत्परता से करेगें। गौरतलब है कि न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिये न्यायिक आवासीय परिसर रामपुर कोरबा में आवासीय परिसर का निमार्ण एवं कटघोरा में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। जिसका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी, पोर्टफोलियो जज कोरबा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहूए द्वारा मुख्य न्यायाधिपति और पोर्टफोलियों जज का स्वागत करते हुए कोरबा जिला को नई सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी की सौगात देने के लिए स्वागत किया गया।

उक्त अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू,जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, एट्रोसिटी एक्ट, कोरबा, अपर सत्र न्यायाधीश,गरिमा शर्मा,अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, ज्योति अग्रवाल, विक्रम प्रताप चन्द्रा,कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा प्रताप चन्द्रा, सत्यानंद प्रसाद, प्रतिक्षा अग्रवाल, ऋचा यादव, कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के उपाध्यक्ष अनिस सक्सेना, सचिव नूतन सिंह ठाकुर, अधिवक्तागण अमरनाथ कौशिक, मानसिंह यादव, मीनू त्रिवेदी, प्रशासनिक अधिकारी पीके देवांगन, न्यायालय उपाधीक्षक, अनिल कुमार पटेल, लेखापाल एवं जिला न्यायालय कोरबा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुये। व्यवहार न्यायालय कटघोरा के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश श्रद्धा शुक्ला शर्मा,मधु तिवारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, कु.रूपल अग्रवाल, राहूल शर्मा, सिद्धार्थ आनंद सोनी एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित थे। भारत संचार निगम लिमिटेड एवं लोक निर्माण विभाग से सतत् प्रयास कर वर्चुअल मोड में आवासीय कॉलोनी के भूमिपूजन एवं आधारशिला के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया गया।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव के लिए जमा नामांकन देखकर भी भर सकते हैं अभ्यर्थी फॉर्म

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग ने आम नागरिक को कई प्रकार की सुविधा दी है। उनमें से एक वेबसाइट सुविधा है। लोकसभा चुनाव में किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन देखना हो या ऐसे अभ्यर्थी जो लोकसभा के नामांकन के अंतिम दिन 19 अप्रैल 2024 को फॉर्म जमा करना चाहते हैं और ऐसी स्थिति में स्वयं के द्वारा भरे आवेदन में त्रुटि की संभावना हो तो वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के वेबसाइट सीईओछत्तीसगढ़ डॉट एनआईसी डॉट इन में अब तक जमा किए गए सभी लोकसभा सीट के अभ्यर्थियों के नामांकन को डाउनलोड कर देखकर अपना शंका का समाधान कर सकते हैं।

### डाक मतपत्र से मतदान के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर एवं सुविधा केंद्र स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत् निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान करने हेतु 03.03 केन्द्र बनाए गए हैं।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ अंतर्गत् परिक्षेत्र जिला जशपुर तृतीय चरण में निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के अधिकारियों.कर्मचारियों को नामांकित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास सुविधा केन्द्र व पोस्टल वोटिंग सेंटर में उपस्थित होकर निर्वाचन तिथि को निर्धारित समय पर मतदान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

#### पोस्टल वोटिंग सेंटर

अनिवार्य सेवा के अधिकारी.कर्मचारियों हेतु जिले के तीनों विधानसभा के तहसील कार्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। जहां डाक मतपत्र के माध्यम से जशपुर विधानसभा के मतदाता 01 से 03 मई 2024 तक, कुनकुरी विधानसभा के मतदाता 29, 30 अप्रैल एवं 01 मई 2024 तक तथा पत्थलगांव विधानसभा के मतदाता 02 से 04 मई 2024 तक प्रातः 9.0 बजे से संध्या 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। सुविधा केन्द्र कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी हेतु जिले के तीनों विधानसभा के तहसील कार्यालय में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जहां डाक मतपत्र के माध्यम से जशपुर एवं कुनकुरी विधानसभा के मतदाता 04 से 06 मई 2024 तक एवं पत्थलगांव विधानसभा के मतदाता 02 से 06 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

### पलायन कर चुके मतदाताओं हेतु घर आजा संगी अभियान 26 अप्रैल को मतदान के लिए घर-वापसी के लिए की जा रही अपील

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

लोकसभा निर्वाचन.2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जिले से पलायन कर दूसरे शहर में निवासरत तथा राज्य से बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष अभियान घर आजा संगी प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले से पलायन करने वाले सभी मतदाताओं के लिए एक व्हाटसएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें बीएलओ के माध्यम से पलायन करने वाले मतदाताओं से मोबाइल नम्बर 7389562231 के माध्यम से सीधे सम्पर्क करते हुए 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक की अवधि में उपस्थित होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### नौकोनिया तालाब की साफ-सफाई के साथ गहरीकरण कार्य शुरू

तालाब में कचरा फेंकते पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**कोरबा** । नगर के नौकोनिया तालाब की साफ-सफाई के साथ गहरीकरण की कवायद शुरू हो गई है। ताकि बारिश की पानी को सहजा जा सके। नगर पंचायत ने नौकोनिया तालाब की खराब स्थिति को लेकर उसकी पूरी तरह सफाई किया जाना है। पुरातत्व विभाग की ऐतिहासिक शिवमंदिर

# नाटक व नुक्कड़ के माध्यम से विद्यार्थियों ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील



जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और स्वीप के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सुमीत अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस सरंगपाल स्थित विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कांकेर के पुराना बस स्टैंड, गिल्ली चौक और घड़ी चौक में नुक्कड.नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी मतदाताओं से आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र में जाकर शत-प्रतिशत वोट करने की अपील की गई।

# विद्यार्थियों द्वारा निर्मित की गई मानव श्रृंखला, दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सहभागिता के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं पुरूष, युवा सहित स्कूल.कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़.नाटक, रैली, नारा.लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदान आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. फ रहाना अली के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वीप प्रभारी प्रभा साव ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवार और आसपास के लोगों को मतदान की आवश्यकता और मतदान के अधिकार के विषय में समझया गया।




# ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा किया गया दीवारों पर नारा लेखन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।




इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कर्रानवापारा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारा लेखन किया गया। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की भूमिका को आवश्यक बताया गया।




# जिला प्रशासन ने बारात निकलने के पूर्व रोका बाल विवाह

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में में टीम तैयार कर ग्राम पंचायत भिलौनी विकासखंड पामगढ़ में बालक के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की जहां बालक की उम्र 20 वर्ष 09 माह 10 दिन होना पाया गया। विवाह की पूर्ण तैयारी हो चूकी थी हल्दी मेंहदी रस्म हो चुके थे बारात जिला मुंगेली निकलने की तैयारी के दौरान ही सूचना प्राप्त होने पर तत्काल विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालक एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया साथ ही जिला मुंगेली में बालिका के निवास स्थान पर जांच किये जाने हेतु समन्वय किया गया एवं समझाईस के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता-पिता की सहमति से बालक का विवाह रोका गया है। दल में जिला बाल संरक्षण इकाई से अमित कुमार भोई आउटरीच वर्कर, चाईल्ड लाईन जांजगीर से टीम मेम्बर जोहित कुमार कश्यप, भूपेश कश्यप, महिला पर्यवेक्षक गिरिजा धिरही,लक्ष्मी सारथी, पुलिस विभाग से सुनिल कुमार टैगोर सरपंच रामनाथ भारद्वाज का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी डीजे साउड धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 02 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

# अपने जल-जंगल जमीन की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें

## भाजपा आई तो आदिवासियों की जमीन छिनेगी और अडाणी कोयला खोदेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के पाली तानाखार विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया। गांवों में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सर्वांगीण विकास और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना होगा।**







उन्होंने कहा कि भाजपा फिर से आई तो आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी और अडाणी कोयला खोदेंगे। अदाणी.अंबानी से बचना है, अपने अधिकारों के लिए लड़ना है। जल जंगल-जमीन की रक्षा करना है तो कांग्रेस की सरकार बनाना होगा। सांसद ने कहा कि आज युवा पढ़.लिखकर, डिप्लोमा लेकर खाली बैठे हैं और 10 साल से केन्द्र की सरकार इन्हें नौकरी नहीं दे सकी। कांग्रेस ने तय किया है कि सरकार बनने पर डिप्लोमाधारी युवाओं को ट्रेनिंग देंगे और साल का एक लाख रुपए भी मिलेगा और ट्रेनिंग के बाद पहली पक्की नौकरी दी जाएगी। युवाओं को उद्यम से जोड़ने के लिए अकेले कोरबा जिले को 5 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे जिससे उनके रोजगार को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सांसद ने कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में बताया कि किसान, मजदूर, महिला, बेरोजगारों को न्याय देने के लिए राहुल गांधी ने न्याय पत्र तैयार किया है। देशभर के मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए मजदूरी के साथ जीवन बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। किसानों को कर्ज माफी के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खरीदारी का लाभ मिलेगा और प्राकृतिक आपदा से फसल की नुकसानी पर 30 दिन के भीतर मुआवजा देंगे। सांसद के तानाखार विधानसभा के ग्राम लैंगा, सेमरा, तानाखार, ढेलुवा, पथरीडांड, पंडरीपानी, बाघिनडांड, चंद्रौटी, खोडरी, कुम्हारीसानी में जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा सहित बचन साय कोर्राम, मनोज चौहान, डॉ. बिंझवार,आयाम, जीवन सिंह पोर्ते, भुजबल सिंह, अशोक कुमार आर्मो, आनंद मित्तल के अलावा स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

# मुझे दिल्ली तक पहुंचने का आर्शीवाद दे-भोजराज नाग

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग ने बालोद जिले के गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रचार प्रसार का क्रम जारी रखा। इस दौरान खेरथा मंडल के बुंदेली, पापरा, कसहीकला, घीना, हड़गनकला, टटेंगा, जेवरतला, अछोली, देवरी समेत करीब डेढ़ दर्जन भर गांव में जनसंपर्क एवं जनसभाओं को संबोधित किया। शाम होते होते कांकेर शहर में भव्य रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने की योजना भी कार्यक्रम में शामिल है। इस दौरान भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों का कार्यकाल भारतीय कांग्रेस पार्टी के कई दशकों के शासन पर भारी है। प्रधानमंत्री मोदी गांव, गरीब, माताओं, युवाओं, किसानों एवं हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाले है। भाजपा का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास। हमारा ध्येय है






अंत्योदय जिसका मतलब है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का समुचित विकास। पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, नल जल योजना, कौशल विकास योजना आज अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचा रहा है। नाग ने कहा कि बीते 10 वर्ष तो महज ट्रेलर है विकास का स्वर्णिम काल अभी आने वाला है। आगामी 26 अप्रैल को भाजपा को भारी बहुमत से जिताये एवं कांकेर के विकास के मुद्दे मुझे दिल्ली तक पहुंचाने का आशीर्वाद दें।

# शोभायात्रा के आयोजन हेतु राम नवमी आयोजन समिति को वित्त मंत्री ने दिया साधुवाद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामनवमी शोभायात्रा की सफलता के लिए वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हमारे जीवन में प्रभु श्रीराम का दर्शन शामिल है। शोभायात्रा में शामिल होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा हिंदू वादी विचार धारा से जुड़ा हर व्यक्ति इस शोभायात्रा का गवाह बना। रामजी की यह शोभा यात्रा राम भक्तो के एकजुटता का गवाह भी बनी। शोभायात्रा के लिए उमड़े जनसैलाब ने यह प्रमाणित कर दिया कि अराध्य राम का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रासंगिक रहेगा। महिलाए युवा बच्चे बुजुर्ग सहित हिंदू वादी विचार धारा से जुड़े सर्व समाज की एक जुटता ने यह संदेश दिया कि राम और उनसे जुड़ा हर प्रसंग उनके जीवन के लिए बराबर महत्व रखता हैं। सतयुग में प्रभु राम को अपने ही नाते रिश्तेदारों की वजह से चौदह वर्षो का वनवास झेलना पड़ा लेकिन उन्होंने हंसते हुए सिंहासन का त्याग कर जंगल जाना स्वीकार कर समाज के समक्ष आदर्श मिथक स्थापित किया। राम की लड़ाई उस युग के ऐसे महावली राक्षस राज रावण से थी जो राम से कई गुना बलशाली और संपन्न था लेकिन राम ने जंगलों में रहते हुए नीति सिद्धांतों का अनु शरण किया। बल्कि शोषित वंचितों को गले भी लगाया। वानरों की साधन विहीन सेना के साथ राम ने लंका पति रावण को परास्त कर समाज के सामने अनुकरणीय मिशाल रखी। वनवास जाने के दौरान जनता ऋषियों माताओं सहित सभी ने राम को वापस सिंहासन में बैठने का अनुरोध किया लेकिन बहुमत के अनुनय विनय को राम ने अस्वीकार करते हुए नीति धर्म का पालन कर हंसते हुए वनवास के निर्णय को स्वीकार किया तभी वे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में स्थापित हुए। मंत्री ओपी ने कहा सबका साथ सबका विकास और सबका सम्मिलित प्रयास राम राज्य की स्थापना के लिए कारगर सिद्ध होगा। वित्त मंत्री ने शोभायात्रा के आयोजकों के प्रयासों की पुनः सराहना करते हुए जनता को रामनवमी की बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी निःशुल्क परिवहन की सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन.2024 के दौरान मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उन्हें घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन दिव्यांग रथ की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों ;80 से अधिक आयु वर्गद्ध का चिन्हांकन किया गया है। मतदाताओं की मांग अनुसार मतदान दिवस 26 अप्रैल को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक पहुंचाने तथा मतदान पश्चात् वापस आवास स्थल तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जिले के ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे निःशुल्क परिवहन की सुविधा हेतु वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल कर सकते हैं।

### 19 अप्रैल से 01 जून तक प्रतिबंधित रहेगा निर्वाचन संबंधी मत सर्वेक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के उल्लंघन पर दण्ड का भी प्रावधान**

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान सम्पन्न होगा तथा 04 जून को एक साथ मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत सर्वेक्षण एग्जिट पोल, नहीं करेगा। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा शुक्रवार 19 अप्रैल को पूर्वान्ह 07 बजे से 01 जून 2024 दिन शनिवार को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि ष्कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत एक्जिट पोल सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126;1,ख, के अधीन निर्वाचन से संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोई भी व्यक्ति इस धारा में निहित उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो उन्हें दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा।

### बिना सेवा दिए स्वास्थ्य विभाग में वेतन ले रही है रेडियोग्राफर महिला कर्मचारी

**कोरबा** ।पोड़ी उपरोड़ा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रेडियोग्राफर बिना सेवा दिए वेतन का आहरण कर रही है। स्थानीय लोगों ने महिला कर्मचारी को कभी अस्पताल में नहीं देखा है। सूचना के अधिकार के तहत ली गई जानकारी के अनुसार महिला कर्मचारी का अस्पताल के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर तो है लेकिन हस्ताक्षर की जल्दबाजी में रविवार के अलावा अन्य सरकारी अवकाश अवकाश में भी उनका हस्ताक्षर है। सरकारी संस्थान में बिना सेवा दिए सरकारी खजाने में किस तरह से आहरित किया जा रहा यह इन दिनों पोड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखा जा रहा है। यहां रेडियोग्राफर के पद पर पदस्थ महिला कर्मचारी हमेशा अनुपस्थित रहती हैं।

# मतदान केंद्र के लिए वोटरों की सूची तैयार करने दलों को दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशा पर डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली चिन्हित करने हेतु मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने इलेक्टोरल रोल एवं उसमें आवश्यक प्रविष्टी के संबंध में दलों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली चिन्हित करने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। मतदान दल प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझे। मतदान दिवस के दिन मतदान करते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चूड़ामड़ी गोस्वामी ने मतदाता सूची चिन्हांकित करते समय ईडीसी, पीबी, सीएसबी, एएसडी सूची आदि का सावधानीपूर्वक चिन्हांकन करने के संबंध में जानकारी दिया। इस अवसर पर सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ दोनों अनुविभागों के राजस्व निरीक्षक और पटवारीगण उपस्थित थे।

# पुरी शंकराचार्य के कार्यक्रम को सफल बनाने बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

**ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती महाराज के तीनदिवसीय रायपुर प्रवास के मद्देनजर उनके कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्रीसुदर्शन संस्थानम् प्रांतीय कार्यालय रावाभांठा में अतिआवश्यक बैठक संपन्न हुआ।**



इस बैठक में गुरूदेव के आगमन की तैयारी और उनके सभी कार्यक्रमों को सफ ल बनाने, शेड निर्माण व मंच निर्माण और नियमित प्रकल्पों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा हुई। महाराज के रायपुर प्रवास के मुख्य कार्यक्रम 23 अप्रैल मारूति प्राकट्य महोत्सव को सर्वसमाज के सहयोग से भव्य रूप से मनाने, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने एवं विशाल भण्डारा कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से आनन्दवाहिनी छग प्रदेशाध्यक्ष सीमा तिवारी,आदित्यवाहिनी प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू, टंकेश्वर चंद्रा, केएन मिश्रा, बजरंग गुप्ता, संजय सिंह, उत्तम शर्मा, रंजीता शर्मा, राकेश रजगढ़िया, अमिताभ दुबे सहित पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी, आनन्दवाहिनी के कई सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

### महाराज का रायपुर आगमन 21 अप्रैल को

अपने राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ऋ ग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रवास करते रहते हैं। इसी कड़ी में पुरी शंकराचार्य अपने तीनदिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के तहत वे पुरी अहमदाबाद ट्रेन से 21 अप्रैल को सुबह लगभग पौने दस बजे रायपुर रेल्वे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां भव्य स्वागत पश्चात वे सड़क मार्ग से श्रीसुदर्शन संस्थान के लिये रवाना होगे,जहां पुरी शंकराचार्य का तीन दिवसीय कार्यक्रम समायोजित है। यहां छग प्रवास के पहले दिन 21 अप्रैल को दोपहर बारह बजे उनका दर्शन सुलभ होगा वहीं शाम छह बजे वे दर्शन, संगोष्ठी में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन 22 अप्रैल को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे दर्शन, दीक्षा एवं शाम छह बजे दर्शन,संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित है। छत्तीसगढ़ प्रवास के तीसरे और अन्तिम दिन 23 अप्रैल को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं को पुरी शंकराचार्य के श्रीमुख से प्रवचन सुलभ होगा। वहीं शाम को छह बजे दर्शन संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित है।

श्रीसुदर्शन संस्थानम् में आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति के पश्चात पुरी शंकराचार्यजी 24 अप्रैल को सुबह दस बजे श्रीसुदर्शन संस्थानम् से सड़क मार्ग से रायपुर रेल्वे स्टेशन के लिये निकलेंगे। जहां से वे दुर्ग जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन से लगभग पौने बारह बजे नई दिल्ली के लिये रवाना हो जायेंगे। पुरी शंकराचार्य द्वारा संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठपरिषद् आदित्यवाहिनी आनन्दवाहिनी ने सभी श्रद्धालुओं को पुरी शंकराचार्य महाभाग के दर्शन, श्रवण लाभ लेने की अपील की है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम्, पुरी शंकराचार्य आश्रम, मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in